भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4982

उत्तर देने की तारीख-23/03/2026

बीएड पाठ्यक्रम की अवधि में परिवर्तन

4982. **श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) पाठ्यक्रम की अवधि बहाल एक वर्ष कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बारह वर्ष पुराने विनियमन को वापस किए जाने के क्या कारण हैं जिसके द्वारा बीएड पाठ्यक्रम को दो वर्ष तक बढ़ा दिया गया था; और

(ग) उक्त पाठ्यक्रम की संशोधित अवधि को किस वर्ष तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जो देश में शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए मानदंड और मानक निर्धारित करने के लिए जिम्मेदार वैधानिक प्राधिकरण है, वर्तमान में, बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) कार्यक्रम की अवधि को एक वर्ष तक बहाल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****